## प्रेस नोट जनपद मुरादाबाद

श्री सतपाल अंतिल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु आज दिनांक **04-08-2025** को जनपद मुरादाबाद से निम्न कार्यवाही की गयीः-

**1-थाना सिविल लाईन्स पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए 24 घण्टे के अन्दर 02 शातिर चोरो को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 02 किलो जला हुआ ताबे का तार व 50 किलो लोहे के सरिये किये बरामद।**

अवगत कराना है कि थाना सिविल लाईन्स क्षेत्रान्तर्गत रेडसफायर होटल के बराबर आशियाना फेस 1 के निर्माणधीन मकान से दिनांक 03.08.2025 को चोरो द्वारा मकान की वायरिंग व सरिया के टुकडे चोरी की गयी थी जिसके सम्बन्ध में मकान मालिक डा0 सरफराज पुत्र शमशाद अली नि0- गौल मार्किट हरथला सिविल लाईन्स मुरादाबाद द्वारा दिनांक 03.08.2025 को थाना सिविल लाईन्स पर सूचना दी गयी जिसके सम्बन्ध मे थाना सिविल लाईन्स पर **मु0अ0स0 581/2025 धारा 303(2) / 317(2) बीएनएस** का पंजीकृत कर त्वरित कार्यवाही करते हुए घटना स्थल के आस-पास व अन्य स्थानो से सीसीटीवी फुटेज व अन्य साक्ष्यो के आधार पर 24 घण्टे के भीतर अभियुक्तगण 1. गोविन्द पुत्र रुपकिशोर निवासी हरथला रामलीला ग्राउन्ड थाना सिविल लाईन्स मुरादाबाद उम्र 23 वर्ष, 2- बहादुर पुत्र रुपकिशोर निवासी हरथला रामलीला ग्राउन्ड थाना सिविल लाईन्स मुरादाबाद उम्र 25 वर्ष को रेडसफायर होटल के बराबर आशियाना फेस 1 से समय करीब 15.00 बजे गिरफ्तार करते हुए अभियुक्तगण के कब्जे से 02 किलो जला हुआ तांबे का तार, 50 किलो लोहा सरिया बरामद किये।




**गिरफ्तार अभियुक्त-**

1-गोविन्द पुत्र रुपकिशोर निवासी हरथला रामलीला ग्राउन्ड थाना सिविल लाईन्स मुरादाबाद उम्र 23 वर्ष,

2-बहादुर पुत्र रुपकिशोर निवासी हरथला रामलीला ग्राउन्ड थाना सिविल लाईन्स मुरादाबाद उम्र 25 वर्ष

**बरामदगी का विवरणः-**

02 किलो जला हुआ तांबे का तार

50 किलो लोहा सरिया

**पूछताछ का विवरण-**

अभियुक्तगण से विस्तृत पूछताछ करने पर दोनो अभियुक्तगण ने बताया कि साहब हम दोनो मिलकर दिन में घूम-घूम कर रैकी करके मकान या दुकान चौरी करने के लिए चिन्हित कर लेते है फिर मौका पाकर मकान या दुकान से कीमती सामान चोरी कर ले जाते है फिर चोरी किये माल को इधर-उधर बेच देते थे। जो बिजली का तार व लोहे के

सरिये आपने हमसे बरामद किया है वह हमने दिनांक 03.08.2025 को दिन मे निर्माणाधीन मकान निकट रेडसफायर होटल के बराबर आशियाना फेस-1 से 02 किलो जला हुआ तांबे का तार, 50 किलो लोहा सरिया चोरी किये थे।

**अभियुक्तगण का आपराधिक इतिहासः-**

- **अभियुक्त गोविन्दः-**

1. **मु0अ0स0 581/2025 धारा 303(2) / 317(2) बीएनएस थाना सिविल लाईन्स जनपद मुरादाबाद**

- **अभियुक्त बहादुरः-**

1. **मु0अ0स0 581/2025 धारा 303(2) / 317(2) बीएनएस थाना सिविल लाईन्स जनपद मुरादाबाद**
2. **मु0अ0स0 094/2025 धारा 303(2) / 317(2) बीएनएस थाना सिविल लाईन्स जनपद मुरादाबाद**
3. **मु0अ0स0 244/2019 धारा 379/411 आईपीसी थाना सिविल लाईन्स जनपद मुरादाबाद**
4. **मु0अ0स0 251/2019 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना सिविल लाईन्स जनपद मुरादाबाद**
5. **मु0अ0स0 451/2019 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट थाना सिविल लाईन्स जनपद मुरादाबाद**
6. **मु0अ0स0 915/2023 धारा 380/411 आईपीसी थाना सिविल लाईन्स जनपद मुरादाबाद**

**नोटः- अभियुक्तगण के अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।**

**गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम का विवरणः-**

1. प्रभारी निरीक्षक श्री मनीष सक्सैना थाना सिविल लाईन्स जनपद मुरादाबाद।
2. उ0नि0 राजीव कुमार थाना सिविल लाईन्स जनपद मुरादाबाद।
3. हे0का0 प्रवीण कुमार थाना सिविल लाईन्स जनपद मुरादाबाद।
4. का0 दीपक कुमार थाना सिविल लाईन्स जनपद मुरादाबाद।
5. का0 अंकित कुमार थाना सिविल लाईन्स जनपद मुरादाबाद

**2-थाना मझोलाः-शादी की झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार।**

अवगत कराना है कि दिनांक 02.08.2025 को वादिनी निवासी थाना मझोला क्षेत्रान्तर्गत ने अभियुक्त द्वारा वादिनी को शादी का झाँसा देकर उसके साथ दुष्कर्म करने व कहीं शिकायत करने पर जान से मारने धमकी देने के सम्बन्ध में थाना मझोला पर तहरीर दी, तहरीर के आधार पर थाना मझोला पर मु0अ0सं0-721 /2025 धारा-69/351(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया।




विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में आज दिनांक 04.08.2025 को थाना मझोला पुलिस द्वारा अभियुक्त समद पुत्र इकबाल निवासी टीला करूला आबिदनगर जयन्तीपुर थाना मझोला जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया, अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

**गिरफ्तार अभियुक्तः-**

समद पुत्र इकबाल निवासी टीला करूला आबिदनगर जयन्तीपुर थाना मझोला जनपद मुरादाबाद

**पंजीकृत अभियोगः-**

मु0अ0सं0-721 /2025 धारा-69/351(2) बीएनएस

**गिरफ्तार करने वाली टीमः-**

निरीक्षक अपराध श्री मुजम्मिल खाँ

का0 रविन्द्र यादव

का0 मोहित कुमार थाना मझोला, मुरादाबाद।

**3-थाना मैनाठेरः- 01 वारंटी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया-**

अवगत कराना है वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार, अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण, वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 04.08.2025 को थाना मैनाठेर पुलिस द्वारा वारंटी नासिर पुत्र भूरे तुर्क निवासी ग्राम नानकार थाना मैनाठेर जनपद मुरादाबाद सम्बन्धित मु0नं0 2029/2014 अ0सं0 335/2004 धारा 379/411 भादवि को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

